बैठक | कृषि उपज मंडी के वेतन रोकने जारी किए निर्देश

समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा में कलेक्टर सख्त

नवभारत,जबलपुर। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को आयोजित समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक में सीएम हैल्पलाइन की लंबित शिकायतों एवं मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान की तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत, अपर कलेक्टर नीता राठौर, रविशंकर राय, शैलेंद्र सिंह सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में कृषि उपज मंडी के अधिकारी द्वारा सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की जानकारी नहीं होने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने एवं वेतन रोकने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। कलेक्टर ने सीएम हैल्पलाइन की शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण एवं समय सीमा पर निराकरण करते हुए कहा कि सभी विभाग 50 दिवस, 100 दिवस एवं उससे अधिक अवधि की लंबित शिकायतों की नियमित समीक्षा कर उनका शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने एल.1 स्तर के अधिकारियों को स्वयं सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर जानकारी दर्ज करने तथा सभी जिला अधिकारियों को अपने मोबाइल में सीएम हेल्पलाइन एप का उपयोग कर शिकायतों की नियमित निगरानी करने तथा प्रतिदिन शिकायतों के निराकरण की प्रगति साझा करने के निर्देश दिए।

सीधे जनता के बीच पहुंचे अधिकारी

बैठक में आगामी जनविश्वास अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने बताया कि प्रत्येक शुक्रवार सभी जिला अधिकारी सीधे जनता के बीच पहुंचकर शिकायतों का मौके पर निराकरण करेंगे। इस दिन नियमित बैठकें आयोजित नहीं होंगी तथा अभियान के दौरान जनसंवाद एवं उद्योग संवाद भी आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान कलेक्टर ने अभियान के आयोजन में सादगी अपनाने तथा अनावश्यक खर्च से बचने के निर्देश दिए। साथ ही उद्योग विभाग को एमएसएमई कुटीर उद्योग एवं स्वरोजगार योजनाओं के हितग्राहियों से संपर्क कर उनकी समस्याओं के समाधान के निर्देश भी दिए।

जल जीवन मिशन की शिकायतों की भी समीक्षा

बैठक में कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने जल जीवन मिशन से संबंधित शिकायतों की समीक्षा, शिक्षा विभाग को विद्यालयों से संबंधित लंबित शिकायतों के निराकरण तथा जनजातीय कार्य विभाग को विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं पात्र हितग्राहियों तक लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। इस दौरान मध्यप्रदेश भवन विकास निगम द्वारा पुनर्घनत्वीकरण परियोजनाओं के लिए तैयार स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर का प्रस्तुतीकरण भी किया गया।

बीएसी और जनशिक्षकों को 2 महीने से नहीं मिला वेतन

नवभारत, जबलपुर। जिले में कार्यरत बीएसी और जनशिक्षकों को पिछले 2 महीनों से वेतन का भुगतान नहीं हुआ है, जिससे उनका गुजारा मुश्किल हो गया है। राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल एवं केंद्र सरकार द्वारा पुराना डिजीगोव सॉफ्टवेयर बंद करके नया एसएनए स्पर्श पोर्टल शुरू किया जा रहा है, लेकिन नए सिस्टम की प्रक्रिया पूरी हुए बिना पुराना पोर्टल बंद करने से यह गंभीर स्थिति उत्पन्न हुई है। वेतन न मिलने के कारण कर्मचारियों के बैंक लोन की ईएमआई बाउंस हो रही है, जिससे उन पर पेनल्टी लग रही है और उनका सिबिल स्कोर भी खराब हो रहा है। जनशिक्षकों का कहना है कि वे बिना वेतन के लगातार काम कर रहे हैं और विभाग उनसे नामांकन, ठहराव, अकादमिक मॉनिटरिंग के अलावा एमडीएम मॉनिटरिंग, साक्षरता मॉनिटरिंग, पाठ्यपुस्तक वितरण, शिक्षकों के प्रशिक्षण शैक्षिक संवाद, शालाओं की मैपिंग अपडेशन की समीक्षा, ट्रांजेक्शन लॉस समीक्षा, रसोइया से संबंधित कार्य और शिक्षा विभाग की अनेक योजनाओं की ड्यूटी एक साथ ले रहा है।

माल यातायात बढ़ाने और सुरक्षित रेल परिचालन पर जबलपुर मंडल की पहल

उद्योगों के साथ हुई समन्वय बैठक

जबलपुर। पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर रेल मंडल ने माल यातायात में वृद्धि, सुरक्षित रेल परिचालन और उद्योगों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से प्रमुख मालभाड़ा ग्राहकों के साथ ऑनलाइन समन्वय बैठक आयोजित की।

बैठक में क्षेत्र के प्रमुख सीमेंट संयंत्रों और गाडरवारा थर्मल पावर हाउस के प्रतिनिधियों ने वर्चुअल माध्यम से भाग लेकर माल परिवहन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक प्रिंस विक्रम, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक रजनीकांत साहू, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता स्वप्निल पाटिल, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक-2 शशांक गुप्ता तथा सहायक वाणिज्य प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

रणनीति पर हुई चर्चा

बैठक के दौरान वित्तीय वर्ष 2026-27 में माल यातायात को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की रणनीति पर विशेष रूप से विचार-विमर्श किया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा ने उद्योगों और ग्राहकों को भरोसा दिलाया कि माल परिवहन से जुड़ी सभी आवश्यकताओं, सुविधाओं और परिचालन संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए जबलपुर रेल मंडल हरसंभव सहयोग करेगा। उन्होंने बताया कि रेलवे लगातार ग्राहक-अनुकूल पहलें कर रहा है, जिससे उद्योगों को समयबद्ध, सुरक्षित और बेहतर माल परिवहन सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें और रेलवे के माध्यम से माल ढुलाई को और अधिक बढ़ावा मिले।

प्रक्रियाओं का पालन करें

बैठक में माल लदान और उतराई की प्रक्रियाओं को सुरक्षित एवं प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने वैगनों की सुरक्षित हैंडलिंग, संरक्षा मानकों के पालन और निर्धारित उपकरणों के उपयोग की आवश्यकता पर विस्तार से जानकारी दी। ग्राहकों से अपील की गई कि साइडिंग और संयंत्र परिसरों में लोडिंग-अनलोडिंग के दौरान मानक प्रक्रियाओं का पालन करें, ताकि वैगनों को नुकसान से बचाया जा सके और रेल परिचालन अधिक सुरक्षित एवं सुचारु बना रहे। बैठक में अल्ट्राटेक सीमेंट, रिलायंस सीमेंट, अदाणी सीमेंट, प्रिज्म सीमेंट, बिरला सीमेंट, हाइडेलबर्ग सीमेंट तथा गाडरवारा थर्मल पावर हाउस के प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव भी दिए, जिन पर रेलवे अधिकारियों ने आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

ढलगर मोहल्ले में इमाम हुसैन की याद में लंगर

नवभारत, जबलपुर। मुस्लिम धर्मावलंबियों के पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन की याद में ढलगर मोहल्ले में दाता लंगर कमेटी द्वारा कुरआन ख्वानी और लंगर का आयोजन किया गया। मोहर्रम के पवित्र महीने के अवसर पर हर साल की तरह इस वर्ष भी हजरत इमाम हुसैन की शहादत और पैगाम को याद करते हुए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कुरआन ख्वानी से हुई, जिसके बाद बड़ी संख्या में लोगों के लिए लंगर का इंतजाम किया गया। इस दौरान उलेमा और जिम्मेदार लोगों ने मुल्क हिन्दुस्तान में अमन, भाईचारे और शांति की दुआ की। साथ ही इंसानियत, शहादत और सच्चाई के पैगाम को अपनाने का संकल्प लिया गया। इस कार्यक्रम में हाजी गुलाम मुहम्मद, असलम, जफर, शाकिर, जुबैर मालगुजार, मुजाहिद अली, अलफरान मालगुजार, सरफराज राइन, तनवीर राइन, बिलाल, जीशान, वकार नदीम, मोहम्मद तौसीफ, गुफरान अली और मोहम्मद फजल मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

शातिर वाहन चोरों समेत कबाडी चढ़ा पुलिस के हत्थे

नवभारत, जबलपुर। हनुमानताल पुलिस ने बालक सहित 3 शातिर वाहन चोर व बैटरी चुराने वाला एवं चुराई हुई बैटरी खरीदने वाले कबाड़ी को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से चुराये हुये 10 दुपहिया वाहन एवं 4 बैटरी जप्त जप्त की गई।

सोमवार को कंट्रोल रूम में आयोजित पत्रकारवार्ता में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आयुष जाखड ने चोरियों का खुलासा करते हुए बताया कि हनुमानताल अंतर्गत चौकी प्रेम सागर में बकरा मार्केट में एक्टिवा एवं चेतक स्कूटर बेचने की फिराक में घूम रहे जितेन्द्र सोनकर पिता सुनील सोनकर उर्फ चील 20 वर्ष निवासी बडी खेरमाई मंदिर के पास दुर्गा चौक, मुशीर उर्फ मूसा पिता मो शमीम रंगरेज 24 वर्ष निवासी दीनानाथ क्रासिंग को पुलिस ने दबोचा। दोनों से लिये हुये वाहनों के दस्तावेज के सम्बंध में पूछताछ करने पर कोई दस्तावेज पास में न होना बताया कडाई से पूछताछ करने पर दोनों ने उक्त दोनों वाहन ग्वारीघाट से चोरी करना स्वीकार किया।वाहनों को जब्त किया । सघन पूछताछ करने पर दोनों ने बताया कि वे दोनों नशे के आदी है और नशा करने के लिए वाहन चोरी करते है । दोनों गोलबाजार, बाई पास, चार खम्भा

,रद्दी चौकी, शुब्बा शाह मैदान से भी वाहनों को चुराना बताये । जिन्हें भी जब्त किया गया । इसी प्रकार कब्रिस्तान मण्डी मदार टेकरी गेट न 1 के अंदर दबिश दी जहां से एक 16 वर्षीय बालक को दबोचा गया। जिसके कब्जे से तीन बाइकें जब्त की गई। इसी प्रकार मीना बाई सोनकर 40 वर्ष निवासी बड़ी खेरमाई खटीक मोहल्ला का आटो क्रमांक एमपी 20 आर ए 1232 बड़ी खेरमाई के सामने गेट नम्बर 1 के सामने से बैटरियां चोरी गई थी।

पुलिस ने पतासाजी कर प्रथम उर्फ प्रदीप सोनकर पिता कल्लू सोनकर 30 वर्ष निवासी बड़ी खेरमाई मंदिर के पास हनुमानताल को दबोचा। बैटरी चुराना स्वीकार करते हुये चुराई हुई बैटरी शाहरूख कबाडी को बेचना बताया। आरोपी शाहरुख पिता मो साबिर 27 वर्ष को गिरफ्तार कर बैटरियां जब्त की गई। पत्रकारवार्ता में नगर पुलिस अधीक्षक गोहलपुर उदयभान बागरी, हनुमानताल थाना प्रभारी सुभाष चंद बघेल उपस्थित रहे।

एक नजर में

झपटमारी करने वाले गिरफ्तार

नवभारत,जबलपुर। ओमती पुलिस ने झपटमारी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही लूट का माल खरीदने वाले को भी दबोचा है । पुलिस ने बताया कि राजेन्द्र कुमार खरे 71 वर्ष निवासी भंवरताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह 25 जुलाई की रात्रि 9:20 बजे टहलने के लिए घर से निकले थे भंवरताल गार्डन के बाहर मोटर साईकिल में लुटेरे आए और पीछे बैठे लड़के ने उसके हाथ से उसका आईफोन को झपटा मारते हुए छीन लिया और तीनों भाग गये। पुलिस ने रिपोर्ट प्रकरण दर्ज कर पतासाजी करते हुए रेल्वे पुल नं. 03 के पास घेराबंदी करते हुए राज रजक पिता स्व राजेश रजक 25 वर्ष निवासी आईटीआई, शिवा रजक पिता गणेश रजक 18 वर्ष निवासी गोहलपुर, मानस बर्मन उर्फबिट्टू पिता निजाम बर्मन 18 वर्ष निवासी माढोताल को दबोचा गया। शिव से मानस ने लूटा हुआ मोबाइल खरीदा था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से मोबाइल, बाइक जब्त कर ली है। एक लुटेरे की तलाश जारी है।

अन्जुमन इस्लामिया की स्मारिका के लिए रचनाएं आमंत्रित

नवभारत, जबलपुर। स्थापना के 150 वर्ष पूरे होने के ऐतिहासिक अवसर पर अन्जुमन इस्लामिया शैक्षणिक संस्थान आगामी 16 सितम्बर को अपना स्थापना दिवस समारोह मनाने जा रहा है, जिसकी यादों को संजोने के लिए अन्जुमन इस्लामिया वक्फ प्रबंधन समिति एक विशेष स्मारिका प्रकाशित कर रही है। इस ऐतिहासिक दस्तावेज का हिस्सा बनने के लिए बुद्धिजीवियों, शिक्षाविदों, साहित्यकारों, शोधार्थियों, पत्रकारों, लेखकों, छात्र-छात्राओं और आम नागरिकों से उनकी मौलिक व अप्रकाशित रचनाएँ मांगी गई हैं। इच्छुक रचनाकार अपनी बेहतरीन विधाओं जैसे कविता, कहानी, गज़ल, लघुकथा, निबंध, संस्मरण, व्यंग्य या शिक्षाप्रद आलेखों को हिन्दी, उर्दू अथवा इंग्लिश में लिखकर भेज सकते हैं।

तीन पत्ती से रांझी कैलाश धाम तक व्यवस्थाओं का लिया जायजा

फील्ड पर सख्त नजर आए निगमायुक्त

नवभारत,जबलपुर। शहर को स्वच्छ, सुंदर और नागरिकों के लिए अधिक सुविधाजनक बनाने की दिशा में नगर निगम द्वारा लगातार अधोसंरचना पके कार्य कराए जा रहे हैं। इसके अलावा सफाई और प्रकाश व्यवस्था को भी व्यवस्थित किया जा रहा है। इसी कड़ी में निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने सोमवार को अधिकारियों के साथ तीन पत्ती चौक से लेकर रांझी कैलाश धाम तक के मुख्य मार्ग एवं आसपास के क्षेत्रों का विस्तृत एवं सघन निरीक्षण किया।

तत्काल दुरुस्त कराई जाएं सड़कें

निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने मौके पर ही अधिकारियों को तीन पत्ती से रांझी कैलाश धाम मार्ग के बीच जहां भी सड़कें जर्जर या गड्ढा युक्त पाई गईं, उन्हें तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि नागरिकों को आवागमन में किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। वहीं निगमायुक्त ने कैलाश धाम जाने वाले श्रद्धालुओं और आम जनता की सुरक्षा व सुविधा को ध्यान में रखते हुए पूरे मार्ग की स्ट्रीट लाइट्स को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। व बंद पड़ी लाइटों को समय पूर्व चालू करने के निर्देश दिए गए।

राष्ट्रकवि डॉ. मैथिलीशरण गुप्त की 140वीं जयंती पर माल्यार्पण

नवभारत, जबलपुर। गहोई वैश्य समाज पंचायत ने 3 अगस्त 2026 को मानस भवन के पास राष्ट्रकवि डॉ. मैथिलीशरण गुप्त की मूर्ति पर उनकी 140वीं जयंती के अवसर पर माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान समाज अध्यक्ष इंजी. रामगोपाल ददरया, मंत्री इंजी. अरूण खर्द, कोषाध्यक्ष सुभाषचन्द्र रावत, उपाध्यक्ष डॉ. श्रीकृष्ण बिलैया, सहमंत्री डॉ. अरुण रावत, इंजी. कमलकांत गुप्ता बहरे, सहकोषाध्यक्ष राजू बांगर और पूर्व अध्यक्ष शंभुदयाल बड़ेरिया सहित विजय कुमार सुहाने, गोपालदास नीखरा, विजय सरावगी, श्यामबिहारी चौदहा, पंच डॉ. रमेश पिपरसानियां, श्रीकांत इन्दुरख्या, प्रभात कठल, अजय रावत, रविकांत बड़ौन्या, संतोष सुहाने, नवीन बड़ेरिया, रीतेश खरया, एड. अशोक गुप्ता, कैलाश लहरिया, एड. उत्तमचंद गुप्ता बिलैया, खेमचंद गुप्ता सोनी, प्रकाश सरावगी और सुरेश चौदहा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महिला मंडल अध्यक्ष मेघा बड़ौन्या, हर्षना तीतविलासी, सीता सरावगी, रश्मि पहारिया, उर्मिला सिपौरया, पुष्पा ददरया, नवयुवक मंडल अध्यक्ष अभिषेक ब्रिजपुरिया, मंत्री अभिषेक गेड़ा, वरिष्ठजन राजकुमार ब्रिजपुरिया और डॉ. के.के. हूका ने भी सहभागिता की। मुख्य अतिथि नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा की मौजूदगी में वरिष्ठजनों ने राष्ट्रकवि की रचनाएं और सामाजिक विचार साझा किए, जिसके बाद उपस्थित जनसमुदाय ने उनकी प्रतिमा पर नमन कर जय गहोई के नारे लगाए।

दतिया उप चुनाव में जीत पर कांग्रेस ने बांटी मेलोडी टॉफी

नवभारत, जबलपुर। दतिया उप चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार की जीत पर कार्यकर्ताओं ने ग्वारीघाट स्थित बादशाह हलवाई कांग्रेस कार्यालय में आतिशबाजी कर मिठाई और मेलोडी टॉफी का वितरण किया तथा राहुल गांधी को ईमेल के जरिए बधाई संदेश भेजा। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने कहा कि दतिया उप चुनाव में सत्य की विजय हुई है और जनता ने भाजपा तथा नरेंद्र मोदी की महंगाई, भ्रष्टाचार, मनमानी, हिटलरशाही, अत्याचार सहित महिला, युवा व किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ फैसला सुनाया है। कांग्रेस नेताओं ने इसे राहुल गांधी के संघर्ष और कुशल नेतृत्व की जीत बताते हुए कहा कि भाजपा चंद उद्योगपतियों की पार्टी बनकर रह गई है और अब उसका किला ढहने की शुरुआत हो चुकी है। कार्यकर्ताओं ने दावा किया कि देश का युवा और किसान अब जागृत हो चुका है तथा आने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पूरी एकजुटता व आम जनमानस के सहयोग से सरकार बनाएगी।

तिरंगा मय होगी संस्कारधानी, 9 से 17 अगस्त तक मनाया जाएगा हर घर तिरंगा अभियान

जबलपुर। नागरिकों में राष्ट्रभक्ति की भावना को सुदृढ़ करना और स्वतंत्रता संग्राम के महानायकों के योगदान से नई पीढ़ी को परिचित कराने के उद्देश्य से 9 से 17 अगस्त 2026 तक हर घर तिरंगा अभियान आयोजित किया जाएगा। संस्कारधानी तिरंगा मय होगी। शासकीय कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ जन- जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। लोगों को भारतीय ध्वज संहिता का पालन करते हुए अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों पर सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत 13 अगस्त को बड़े पैमाने पर तिरंगा बाइक रैली तथा 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे।

अपराध | दो कारों में सवार होकर पहुंचे थे बदमाश, आरोपियों पर एफआईआर

4 दोस्तों का फिल्मी अंदाज में अपहरण, हमला कर किया लहूलुहान

जबलपुर। गढ़ा थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते दो कारों में सवार सात बदमाशों ने फिल्मी स्टाइल में एक-एक कर चार दोस्तों का अपहरण किया। इसके बाद आरोपी उन्हें बड्डा दादा मैदान ले गए, जहां बेल्ट और बेसबॉल स्टिक से उनकी बेरहमी से पिटाई की गई। वारदात के दौरान अचानक पुलिस की पेट्रोलिंग गाड़ी पहुंचने से चारों युवकों की जान बच सकी। पुलिस को देखकर आरोपी मौके से भाग निकले। पुलिस ने देर रात सातों आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार इन्द्रा बस्ती निवासी विनम्र बर्मन के दोस्त अंकित ठाकुर की अभिषेक बर्मन से पुरानी रंजिश है। इसी वजह से अभिषेक अंकित के बाकी दोस्तों से भी दुश्मनी रखता

था। रविवार रात मुख्य आरोपी अभिषेक बर्मन अपने साथी यश साहू, राज तेकाम और जिशान खान के साथ कार से निकला। इन चारों ने सबसे पहले विक्का ठाकुर का रास्ता रोककर उसका अपहरण किया इसके बाद आरोपी भारत कॉलोनी पहुंचे। वहां विनम्र बर्मन अपने दोस्त अनमोल के साथ बैठा था। बदमाशों ने दोनों से बदसलूकी की और जबरन उन्हें भी कार में बैठा लिया। वारदात के दौरान ही दूसरी कार से अभिषेक के तीन और साथी राज रजक, विशाल और हर्ष तिवारी भी वहां पहुंच गए। सातों ने मिलकर पीड़ितों को जान से मारने की धमकी दी। सातों बदमाश दोनों कारों में तीनों पीड़ितों को लेकर अंकित के घर पहुंचे।

वहां विनम्र से जबरन अंकित को फोन लगवाकर बाहर बुलाया गया और बाहर आते ही अंकित का भी अपहरण कर लिया गया। सातों आरोपी चारों अपहृत युवकों विनम्र, अंकित, अनिकेत और विक्की को बंधक बनाकर बड्डा दादा मैदान ले गए। मैदान में बदमाशों ने चारों को घेरकर बेसबॉल स्टिक और बेल्ट से बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। पीड़ित दर्द से चीखते रहे, लेकिन बदमाशों का दिल नहीं पसीजा। इसी बीच गढ़ा थाने की पुलिस वहां से गुजरी। पुलिस की गाड़ी का सायरन सुनते ही सातों आरोपी घबरा गए और अपनी कारों में सवार होकर अंधेरे का फायदा उठाते हुए भाग निकले।

फरार आरोपियों की तलाश जारी, दो कारें जब्त

पुलिस ने लहूलुहान पीड़ितों को अस्पताल पहुंचाया और देर रात विनम्र बर्मन की शिकायत पर सातों आरोपियों अभिषेक बर्मन, यश साहू, राज तेकाम, जिशान खान, राज रजक, विशाल, हर्ष तिवारी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। टीआई प्रसन्न कुमार शर्मा ने बताया कि मामले में कुछ आरोपियों को हिरासत में ले लिया है, जिनसे पूछताछ चल रही है साथ ही दो कारें भी जब्त कर गई है। फरार आरोपियों की तलाश जारी है जिन्हें भी जल्द पकड़ लिया जाएगा।

डेयरी संचालक से 24.51 लाख रुपए की ठगी

जबलपुर। डेयरी व्यवसाय को बढ़ाने और भैंसें खरीदने का सपना देखना दो जालसाजों ने कृषि उन्नति योजना के तहत लोन दिलाने का झांसा देकर 22 हजार वर्गफीट जमीन बैंक में गिरवी रख दी। आरोपियों ने बैंक से पास हुए 47.16 लाख अपने खाते में ट्रांसफर करवा लिए और पीड़ित को महज 3 भैंसें थमाकर 24.51 लाख हड़प लिए। पुलिस ने जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार अधारताल शिव नगर निवासी प्रमोद सिंह यादव (43) अपनी 22 हजार वर्गफीट जमीन पर डेयरी का संचालन करते हैं। व्यापार बढ़ाने के लिए उन्हें भैंसें खरीदनी थीं, जिसके लिए उन्होंने राजुल सिटी गोराबाजार निवासी भारत सिंह राजपूत उर्फ भानू से संपर्क किया। भारत ने उन्हें विश्वास में लिया कि उत्तर प्रदेश के गाजीपुर का रहने

वाला उसका परिचित संजीव कुमार यादव जानवरों का बड़ा व्यापारी है। भारत ने प्रमोद को कृषि उन्नति योजना के तहत बैंक लोन दिलाने का लालच दिया और कहा कि इसके लिए सिर्फ 7 हजार वर्गफीट जमीन गिरवी रखनी होगी। प्रमोद झांसे में आ गए और अपने दस्तावेज सौंप दिए। लेकिन दोनों आरोपियों ने मिलकर धोखाधड़ी की और पीड़ित की पूरी 22 हजार वर्गफीट जमीन बैंक में बंधक रख दी।

खाते से कटी 34 हजार की किश्त, तब खुला राज

लोन मंजूर होते ही 47 लाख 16 हजार 800 की पूरी राशि सीधे आरोपी संजीव कुमार यादव के खाते में ट्रांसफर हो गई। इसके बाद आरोपियों ने प्रमोद से चालाकी से दस्तावेजों पर हस्ताक्षर भी करा लिए, लेकिन वादे के मुताबिक भैंसें नहीं दीं। पीड़ित को ठगी का अहसास तब हुआ जब उन्हें एक भी भैंस नहीं मिली और उनके खुद के बैंक खाते से 33,997 की मासिक किश्त कट गई। धोखाधड़ी का पता चलते ही पीड़ित प्रमोद सिंह तुरंत बैंक पहुंचे और उन्होंने आरोपी संजीव का बैंक खाता होल्ड करवा दिया। खाता बंद होते ही आरोपी संजीव घबरा गया। उसने तुरंत आरटीजीएस के जरिए प्रमोद को 16 लाख 78 हजार 988 वापस किए। इसके बाद उसने 4 लाख और भेजे। हालांकि, इतनी बड़ी रकम के बदले आरोपियों ने पीड़ित को महज 3 भैंसें ही दीं और बाकी के 24 लाख 51 हजार 12 रुपये डकार गए। काफी प्रयास के बाद भी जब बाकी की रकम और भैंसें नहीं मिलीं, तब पीड़ित ने अधारताल थाने में शिकायत दर्ज कराई।